आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, शनिवार 27 जून 2026

वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 vandebharat24 @vandebharat24news www.vandebharat24.com

# जालंधर में दिनदहाड़े गुंडागर्दी

## युवक पर जानलेवा हमला, बहन से बदसलूकी, पुलिस पर लापरवाही के आरोप

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

26 जून ( वर्मा )

शहर में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। बीच सड़क पर कुछ युवकों ने एक नौजवान पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके सिर पर सीवरेज (चैंबर) का ढक्कन मारने की कोशिश की। जब युवक को बचाने के लिए उसका भाई और बहन आगे आए, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस दौरान युवती के साथ बदसलूकी की गई और उसके कपड़े तक फाड़ दिए गए। बताया जा रहा है कि सड़क पर करीब डेढ़ घंटे तक हंगामा चलता रहा।

### घात लगाकर किया हमला, बाजार में मची अफरा-तफरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक दवाई लेने बाजार आया हुआ था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उस पर हमला बोल दिया। आरोपी बस्ती गुजा इलाके के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बीच सड़क पर हुई इस वारदात से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**भाई-बहन भी बने हमले का शिकार :** हमले के दौरान जब युवक का भाई और बहन उसे बचाने पहुंचे, तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने किसी को नहीं बख्शा और खुलेआम मारपीट करते रहे।







### नशे के एंगल से पुलिस का इनकार, जांच जारी

हालांकि पीड़ित पक्ष ने आरोपियों पर नशे के अवैध कारोबार से जुड़े होने का आरोप लगाया है, लेकिन पुलिस ने शुरुआती जांच में इस एंगल से इनकार किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पीड़ित परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घायल युवक का सिविल अस्पताल में इलाज जारी है।

### बहन से बदसलूकी, कपड़े फाड़ने के गंभीर आरोप

पीड़ित युवती ने आरोप लगाया कि हमलावरों-काली, छांगा, नीरज नेपाली और दीवु-ने उसके साथ बदसलूकी की। युवती का कहना है कि जब वह अपने भाई को बचाने की कोशिश कर रही थी, तब आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और जान से मारने की धमकियां भी दीं।

### परिवारिक खुलासा : आरोपी का आपराधिक व्यवहार

घटना के दौरान एक महिला सामने आई, जिसने आरोपियों में शामिल छांगा को अपना दामाद बताया। महिला के अनुसार उसकी बेटी ने प्रेम विवाह किया था, लेकिन शादी के बाद से ही आरोपी छांगा उसके साथ मारपीट और घरेलू हिंसा करता रहा है। महिला ने उसे आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति बताया।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष है। लोगों का आरोप है कि करीब डेढ़ घंटे तक सरेआम गुंडागर्दी होती रही, लेकिन पुलिस समय पर नहीं पहुंची। वहीं, पुलिस का कहना है कि उनके मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो चुके थे।

## राधा पार्लर चौक में स्कीम फॉर्म को लेकर विवाद, दोनों पक्षों में पथराव; पुलिस से कार्रवाई की मांग

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

26 जून ( वर्मा )





थाना भार्गव कैंप के अंतर्गत आने वाले राधा पार्लर चौक में एक सरकारी स्कीम के फॉर्म भरने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि कहासुनी के बाद दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलाए गए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, मौके पर स्कीम के ऑनलाइन फॉर्म भरे जा रहे थे। इसी दौरान लाइन और फॉर्म भरने को लेकर बहस शुरू हुई। एक पक्ष की महिला प्रीति ने आरोप लगाया कि उनके फॉर्म नहीं भरे जा रहे थे और इसी दौरान दूसरे पक्ष द्वारा उनके परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी बच्ची पर हमला किया गया।

वहीं, दूसरे पक्ष से विक्की भगत ने बताया कि पिछले 5-6 दिनों से दोनों पक्षों के बीच तनातनी चल रही थी। उनका कहना है कि फॉर्म भरने को लेकर काम सही ढंग से नहीं किया जा रहा था, जिस पर आपत्ति जताने के बाद विवाद बढ़ गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी पक्ष ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला किया। घटना के बाद दोनों पक्ष थाना भार्गव कैंप पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दी। पीड़ित पक्ष ने संबंधित महिला (सखी) का लाइसेंस रद्द करने और उचित कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि उन्हें शिकायत मिली है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

LYALLPUR KHALSA COLLEGIATE SR. SEC. SCHOOL G.T. ROAD JALANDHAR
11th & 12th ( ARTS & COMMERCE, SCIENCE, HUMANITIES )
Contact : 0181-2970072 Mobile : 90562-90556 Mail.lkc_school09@yahoo.com

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

# जालंधर मर्डर मिस्ट्री: दोस्त ने की हत्या, कूड़े के ढेर में दफनाया शव

## CCTV से खुला खौफनाक राज, मोबाइल और बाइक नहर में फेंककर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश, बुलडोजर से निकाला गया शव, आरोपी गिरफ्तार




**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**
**26 जून ( वर्मा )**

जालंधर में दोस्ती को कलंकित कर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक युवक ने अपने ही दोस्त की हत्या कर उसका शव कूड़े के डंप में दफना दिया।

वारदात को छिपाने के लिए आरोपी ने मृतक का मोबाइल फोन और बाइक नहर में फेंक दी, लेकिन पुलिस की सतर्कता और सीसीटीवी जांच ने पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया।

### इकलौता बेटा था मृतक, डीजे का करता था काम

मृतक की पहचान मोहल्ला नंबर-15 निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ नोनी (31) के रूप में हुई है। वह पार्ट टाइम डीजे का काम करता था और अविवाहित था। परिवार के लिए वह इकलौता सहारा था, जिसकी अचानक गुमशुदगी ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया।

### 22 जून से था लापता, 23 को दर्ज हुई शिकायत

गुरप्रीत 22 जून को घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर 23 जून को थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की।

**CCTV फुटेज बना केस का टर्निंग पॉइंट :** जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

इसमें गुरप्रीत को एक कूड़े के डंप में जाते हुए देखा गया, लेकिन वह बाहर निकलता नजर नहीं आया। यही फुटेज पुलिस के लिए अहम सुराग साबित हुई।

### दोस्त से सख्ती से पूछताछ में खुला राज

पुलिस ने डंप पर काम करने वाले गुरप्रीत के दोस्त रवि को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पहले वह पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ के बाद उसने हत्या की बात कबूल कर ली।

### शराब पार्टी के बाद हुआ झगड़ा, बना हत्या का कारण

आरोपी रवि ने खुलासा किया कि घटना वाली रात दोनों ने साथ बैठकर शराब पी थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। गुस्से में आकर रवि ने गुरप्रीत की हत्या कर दी।

### शव छिपाने के लिए डंप में दफनाया, सबूत मिटाने की कोशिश

हत्या के बाद आरोपी ने शव को कूड़े के ढेर में दफना दिया। पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने मृतक का मोबाइल फोन और बाइक नहर में फेंक दी, ताकि मामला हादसा या लापता होने का लगे।

### बुलडोजर से खुदाई कर बाहर निकाला गया शव

CCTV और आरोपी की निशानदेही के बाद पुलिस ने मौके पर बुलडोजर मंगवाकर डंप की खुदाई करवाई। काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

### परिजनों ने जताई साजिश की आशंका

मृतक के रिश्तेदार रणजीत सिंह ने कहा कि गुरप्रीत और रवि के बीच दोस्ती थी। गुरप्रीत घर से कटिंग करवाने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं आया। उन्होंने शक जताया कि इस हत्या में रवि अकेला नहीं हो सकता, इसमें अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।

### आरोपी लंबे समय से करता था डंप पर काम

पुलिस के अनुसार आरोपी रवि पिछले 7-8 साल से कैंट क्षेत्र के डंप पर एक ठेकेदार के पास जेसीबी चलाने का काम करता था। वह मूल रूप से लुधियाना से जुड़ा हुआ है और फिलहाल जालंधर कैंट में रह रहा था।

### पुलिस जांच जारी, अन्य आरोपियों की तलाश

फिलहाल पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस हत्या में कोई और व्यक्ति शामिल था।

### निष्कर्ष

यह घटना न सिर्फ दोस्ती के रिश्ते को झकझोरती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि अपराधी चाहे कितना भी शातिर क्यों न हो, तकनीक और पुलिस की जांच से बच नहीं सकता।

# मच्छी मार्केट में ऑटो ड्राइवर से 8,500 की लूट, CCTV में कैद हुई वारदात

## ठेकेदार और साथियों पर आरोप, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**
**26 जून ( वर्मा )**





जालंधर के थाना बस्ती बावा खेल क्षेत्र स्थित मच्छी मार्केट में एक ऑटो ड्राइवर से 8,500 की लूट का मामला सामने आया है। आरोप है कि ठेकेदार और उसके साथियों ने ऑटो ड्राइवर के कैश बॉक्स से जबरन पैसे निकाल लिए। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पीसीआर से सूचना मिलने के बाद हेड कांस्टेबल भगवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### पीड़ित ने लगाए गंभीर आरोप

जानकारी के अनुसार, पीड़ित ऑटो ड्राइवर की पहचान बिट्टू के रूप में हुई है। उसने पुलिस को दिए बयान में बताया कि गुरुवार को लल्लन कुमार नामक ठेकेदार और उसके कुछ साथियों ने उसे घेर लिया और उसके कैश बॉक्स से ₹8,500 निकालकर फरार हो गए।

### बिहार निवासी बताए जा रहे आरोपी

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं और वर्तमान में मच्छी मार्केट में मछली कारोबार से जुड़े हुए हैं। पुलिस उनके ठिकानों और कार्यस्थलों पर नजर बनाए हुए हैं। शुरुआती जांच में किसी पुराने विवाद की पुष्टि नहीं हुई है।

### CCTV फुटेज बना अहम सबूत

हेड कांस्टेबल भगवंत सिंह ने बताया कि घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में पूरी वारदात स्पष्ट दिखाई दे रही है। पुलिस इस फुटेज को महत्वपूर्ण साक्ष्य मानकर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर रही है।

### कानूनी कार्रवाई शुरू

पुलिस ने पीड़ित की लिखित शिकायत दर्ज कर ली है। साथ ही वारदात के समय इस्तेमाल किए गए ऑटो और अन्य वाहनों के नंबर भी रिकॉर्ड में शामिल किए गए हैं।

पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# पंजाब कांग्रेस में जल्द होगा बदलाव! राजा वड़िंग, चन्नी और रंधावा अचानक पहुंचे दिल्ली, संगठन महासचिव से की मुलाकात

» वंदे भारत न्यूज़ । चंडीगढ़
26 जून ( ब्यूरो )

पंजाब कांग्रेस में लंबे समय से चल रही संगठनात्मक उठापटक के बीच जल्द बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी. वेणुगोपाल से दिल्ली में मुलाकात की। इससे पहले पिछले दो दिनों में वरिष्ठ नेता एवं सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी वेणुगोपाल से अलग-अलग मुलाकात कर चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार, पंजाब कांग्रेस के संगठन में बदलाव को लेकर शीर्ष नेतृत्व लगातार मंथन कर रहा है। माना जा रहा है कि प्रदेश इकाई में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति और संगठन के पुनर्गठन को लेकर जल्द घोषणा हो सकती है। पिछले कुछ समय से पार्टी के भीतर नेतृत्व और संगठन को मजबूत करने की कवायद चल रही है तथा कई वरिष्ठ नेताओं से फीडबैक भी लिया गया है।





**अगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी :** लगातार हो रही इन बैठकों को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी आलाकमान पंजाब में संगठन को अधिक सक्रिय और चुनावी मोड में लाने के लिए नई टीम तैयार करने पर विचार कर रहा है। हालांकि कांग्रेस की ओर से अभी तक प्रस्तावित बदलावों को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

**राहुल गांधी भी कर चुके नेताओं से मुलाकात :** पंजाब विधानसभा चुनाव को देखते हुए हाल ही में कांग्रेस हाई कमान की ओर से तीन सदस्यों की ऑब्जर्वर कमेटी गठित की गई थी जिसमें कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं से चुनाव को लेकर फीडबैक लिया था।

इसके बाद राहुल गांधी ने भी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी वन टू वन मुलाकात की थी। सूत्रों अनुसार एक-दो दिन के भीतर पंजाब कांग्रेस में बदलाव को लेकर हाईकमान की ओर से फैसला ले लिया जाएगा।







# विश्व नशा मुक्ति दिवस पर खेलों के जरिए सेंट सोल्जर ग्रुप ने दिया स्वस्थ और नशामुक्त जीवन का संदेश

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
26 जून ( सन्नी सहगल )

विश्व नशा मुक्ति एवं अवैध मादक पदार्थों के दुरुपयोग विरोधी दिवस (विश्व ड्रग्स डे) के अवसर पर सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विभिन्न परिसरों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान

अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने शारीरिक गतिविधियों कर समाज को संदेश दिया कि नशे से दूर रहने का सबसे प्रभावी उपाय नियमित शारीरिक गतिविधियों, संतुलित एवं पौष्टिक आहार तथा शिक्षा, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी है। विद्यार्थियों को आउटडोर खेलों, योग,



व्यायाम, फिटनेस गतिविधियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। इस अवसर पर ग्रुप के चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संस्था सदैव नैतिक मूल्यों, स्वस्थ जीवनशैली और समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने वाला शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए समर्पित है एवं कहा कि प्रत्येक छात्र दृढ़ संकल्प, आत्मानुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकता है। इस मौके विद्यार्थियों ने भी नशामुक्त रहने तथा दूसरों को स्वास्थ्य, अनुशासन और शिक्षा को अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

# जालंधर रेलवे स्टेशन के पास कार पार्किंग में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पहचान के प्रयास जारी

**जालंधर, 26 जून ( वर्मा )**- जालंधर शहर में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई जब रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के नजदीक स्थित कार पार्किंग में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डिप्टी एसएस जालंधर की ओर से पुलिस को एक



मेमो भेजकर उक्त घटना की सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही एएसआई अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। वहां एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी मिली, जिसकी उम्र करीब 50 से 55 वर्ष के बीच आंकी जा रही है।

पुलिस ने मौके पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल जालंधर की मोर्चरी में रखवा दिया है। अधिकारियों के अनुसार शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा ताकि उसकी पहचान करवाई जा सके।

प्राथमिक जांच में फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और इलाके में लोगों से पूछताछ भी की जा रही है, ताकि मृतक की पहचान और घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि यदि निर्धारित समय के भीतर शव की पहचान नहीं हो पाती, तो आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। फिलहाल मृतक की शिनाख्त के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और मामले की जांच जारी है।

# जालंधर कांग्रेस भवन में महिला कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, बलजीत कौर का भव्य स्वागत

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
26 जून ( सन्नी सहगल )

जालंधर स्थित कांग्रेस भवन में महिला कांग्रेस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संगठनात्मक एकजुटता और महिला शक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। इस मौके पर पंजाब महिला कांग्रेस की नव नियुक्त एक्टिंग प्रदेश अध्यक्ष बलजीत कौर का जिला इकाई द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अगुवाई जिला प्रधान कंचन ठाकुर ने की, जबकि मंच संचालन मीनू बग्गा ने किया। अपने संबोधन में मीनू बग्गा ने महिला आरक्षण के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।



इसके बाद पूर्व महिला प्रधान एवं वर्तमान सलाहकार जसलीन सेठी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस को हर वर्ग तक पहुंचाकर उसे और सशक्त बनाना समय की जरूरत है। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए बलजीत कौर ने महिला सशक्तिकरण, संगठन विस्तार और मौजूदा राजनीतिक हालात पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहें।

कार्यक्रम के अंत में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कंचन ठाकुर ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं जिला प्रधान राजिंदर बेरी, यूथ कांग्रेस प्रधान अंगद दत्ता, एससी सेल चेयरमैन अमित मट्टू सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जसलीन सेठी, मीनू बग्गा, रणजीत कौर, शबनम, मनदीप कौर, बबली बराड़, प्रवीण, प्रवीण कुमारी, रानो, आशा अग्रवाल, आशा सहोता, सुखविंदर कौर, पल्लवी, वंदना मेहता, पिंकी, ज्योति वर्मा, मनजीत कौर, अनुराधा, नाजिया खातून, नीतू समेत बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# अब पासपोर्ट बनवाने के लिए चुकाने होंगे ज्यादा पैसे, नई फीस लागू

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

**26 जून ( ब्यूरो )**

केंद्र सरकार ने पासपोर्ट और उससे संबंधित सेवाओं की फीस में बड़ा बदलाव किया है। यह बदलाव ऐसे समय में सामने आया है, जब देशभर में पासपोर्ट को नागरिकता के प्रमाण के रूप में मान्यता दिए जाने को लेकर चर्चा चल रही है। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2026 जारी करते हुए इन नई दरों को अगले महीने से पूरे देश में लागू करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 2012 में आखिरी बार पासपोर्ट शुल्क में संशोधन किया गया था। नए नियमों के अनुसार, 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों के लिए सामान्य प्रक्रिया के तहत नया पासपोर्ट बनवाने की फीस 1,000 रुपये से बढ़ाकर 1,750 रुपये कर दी गई है, जबकि तत्काल श्रेणी के लिए अब 4,250 रुपये शुल्क देना होगा। इसी प्रकार यदि किसी का पासपोर्ट खो जाता है या क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो 36 पृष्ठों वाले पासपोर्ट को दोबारा जारी करवाने के लिए सामान्य श्रेणी में 5,000 रुपये तथा तत्काल श्रेणी में 7,500 रुपये खर्च करने होंगे। वहीं, 60 पृष्ठों वाले खोए या क्षतिग्रस्त पासपोर्ट को पुनः जारी करवाने के लिए सामान्य शुल्क 6,000 रुपये तथा तत्काल शुल्क 8,500 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) की फीस भी 500 रुपये से बढ़ाकर 750 रुपये कर दी गई है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में कुछ आवेदकों को राहत भी दी गई है। नए नियमों के अनुसार, 8 वर्ष तक के बच्चों और 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को नए पासपोर्ट के लिए आवेदन करने पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। सरकार के इस फैसले से जहां आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा, वहीं बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली यह राहत कुछ हद तक राहतभरी साबित होगी।




## नाबालिग ने कार चलाई तो 2.5 लाख रुपये जुर्माना और 3 साल की जेल, पंजाब में सख्त ट्रैफिक नियम लागू

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

**26 जून ( ब्यूरो )**




पंजाब में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी गई है। नए ट्रैफिक नियमों के तहत यदि कोई नाबालिग (18 वर्ष से कम आयु का) वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उसके माता-पिता या वाहन मालिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नियमों के अनुसार, यदि कोई नाबालिग कार या अन्य वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो संबंधित व्यक्ति पर 2.5 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा 3 साल तक की जेल की सजा का भी प्रावधान है। साथ ही वाहन का पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) रद्द किया जा सकता है और नाबालिग को 25 वर्ष की आयु तक ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने पर रोक लगाई जा सकती है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें, ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ बिना किसी रियायत के कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी में इंसानियत की मिसाल: ऑल इंडिया जमाते सलमानी वेलफेयर सोसाइटी ने लगाई ठंडे-मीठे पानी की छबील



» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

**26 जून ( सन्नी सहगल )**

भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ऑल इंडिया जमाते सलमानी वेलफेयर सोसाइटी की ओर से ठंडे और मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और राहगीरों को प्रेमपूर्वक शीतल जल पिलाकर मानव सेवा का संदेश दिया।

इस अवसर पर ऑल इंडिया प्रधान नासिर सलमानी ने कहा कि समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता करना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्य लगातार करती रहेगी। कार्यक्रम में जिला प्रधान वाजिद सलमानी, ऑल इंडिया चेयरमैन अयूब सलमानी, जनरल सेक्रेटरी ईरान मेहताब, गैयूर सलमानी, मुस्तकीम सलमानी, हैदर सलमानी, आकाश, रानी, मोनिका, प्रीत और करण सहित अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। छबील के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों ने ठंडा-मीठा पानी ग्रहण किया और संस्था के इस सेवा भाव की सराहना की।

कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के साथ-साथ समाज में सेवा, भाईचारे और मानवता का संदेश देना रहा।

# जालंधर में खुफिया जानकारी पाकिस्तान भेजने के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार, विदेशी गैंगस्टरों से जुड़े तार

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

**26 जून ( वर्मा )**



जालंधर कमिश्नरेट पुलिस के स्पेशल सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित गैंगस्टरों के संपर्क में रहकर संवेदनशील जानकारियां विदेश भेज रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया और विभिन्न मोबाइल एप्स के माध्यम से खुफिया सूचनाएं एकत्र कर पाकिस्तान तक पहुंचाते थे।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सचिन खोसला, भरत वर्मा उर्फ सनी (दोनों निवासी गुरु नानकपुरा वेस्ट, चोगिट्टी) और प्रदीप सिंह (निवासी कमल विहार, जालंधर) के रूप में हुई है।

पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह ने बताया कि स्पेशल सेल की टीम ने इन युवकों को श्री फ्लैट्स के पास से काबू किया। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी पाकिस्तान के कुख्यात अपराधियों के संपर्क में थे और सरकारी कार्यालयों से जुड़ी गतिविधियों सहित अन्य संवेदनशील जानकारियां साझा कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने सोशल मीडिया के जरिए विदेशी गैंगस्टरों से संपर्क स्थापित किया और पिछले कुछ महीनों से उनके लिए काम कर रहे थे। ये युवक विभिन्न राज्यों से भी सूचनाएं एकत्र कर आगे भेजते थे। पुलिस को यह भी पता चला है कि इस नेटवर्क में अन्य सहयोगी भी शामिल हैं, जिनकी तलाश में छापेमारी जारी है।

प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि आरोपियों को इसके बदले मोटी रकम दी जाती थी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उन्हें फंडिंग किस माध्यम से मिल रही थी और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की पूछताछ के लिए उनका रिमांड हासिल किया गया है।

जांच के दौरान कुछ अहम जानकारियां भी बरामद हुई हैं, जिन्हें सुरक्षा कारणों से सार्वजनिक नहीं किया गया है।

इसके अलावा, हाल ही में हुए कुछ विस्फोटक घटनाओं से भी आरोपियों के संभावित संबंधों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# राम मंदिर चढ़ावा मामला : जांच के बीच चंपत राय व डॉ. अनिल मिश्रा ने छोड़े ट्रस्ट पद, आठ आरोपी गिरफ्तार

» वंदे भारत न्यूज़ । अयोध्या
26 जून ( ब्यूरो )



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के मामले ने शुक्रवार को नया मोड़ ले लिया। एसआईटी की प्रारंभिक जांच के आधार पर एफआईआर दर्ज होने के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया। बताया जा रहा है कि जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों ने जांच पूरी होने तक अपने दायित्वों से अलग रहने का निर्णय लिया है।

इस बीच ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने कहा कि उन्हें इन इस्तीफों के संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम पर देशभर की निगाहें टिकी हुई हैं।

**सभी आठ नामजद आरोपी पुलिस की गिरफ्त में :** चढ़ावा गड़बड़ी मामले में पुलिस ने एफआईआर में नामजद सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मेडिकल जांच के बाद उन्हें रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एसआईटी की रिपोर्ट को विवेचना का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

दूसरी ओर विपक्षी दलों ने एफआईआर में ट्रस्ट के किसी वरिष्ठ पदाधिकारी का नाम शामिल नहीं किए जाने पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है।

### करोड़ों की नकदी और आभूषणों में गड़बड़ी का दावा

एसआईटी की प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये की नकदी तथा सोने-चांदी के आभूषणों में कथित अनियमितताओं के संकेत मिलने का दावा किया गया है। जांच के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर लगभग तीन करोड़ रुपये की बरामदगी भी की गई है। अब विस्तृत जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि कुल कितनी राशि और कितने मूल्य के आभूषण तथा अन्य बहुमूल्य वस्तुएं गायब हुई हैं।

### सीसीटीवी फुटेज जांच का सबसे बड़ा आधार

जांच एजेंसियों के मुताबिक मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में कई आरोपी कथित तौर पर चोरी करते दिखाई दिए हैं। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गणना प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव और रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू को इस पूरे मामले का मुख्य सूत्रधार माना जा रहा है। आरोप है कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का दुरुपयोग कर अन्य लोगों को भी इस कथित साजिश में शामिल किया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज, बरामद नकदी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी : कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेजे गए आरोपी; 79 लाख बरामद, पांच से छह SBI कर्मी भी शामिल



रामनगरी अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों को शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला एवं सत्र न्यायालय फैजाबाद में पेश किया गया। सुनवाई के बाद सभी आरोपियों को 29 जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

आरोपियों को एसओजी प्रभारी अपनी टीम के साथ न्यायालय लेकर पहुंचे। इससे पहले सभी का पुलिस लाइन स्थित अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। पेशी के दौरान न्यायालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजीएम), सिविल जज जूनियर डिवीजन निवेदिता सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी श्रेयश त्रिपाठी पूरे समय न्यायालय परिसर में मौजूद रहे। पेशी के दौरान न्यायालय परिसर में आम लोगों की आवाजाही पर भी निगरानी रखी गई। कोर्ट में सुनवाई के बाद आठों आरोपियों को ले जाया गया। उन्हें अयोध्या जिला जेल भेज दिया गया। सभी को 29 जून तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया गया है। सोमवार को फिर कोर्ट में किया जाएगा पेश

सीजेएम कोर्ट में अभियोजन अधिकारी केसी वर्मा ने बताया कि आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें सोमवार तक के लिए रिमांड पर भेजा गया है। सोमवार को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। इनके पास से कुल 79 लाख 85 हजार 493 रुपये बरामद किए गए हैं। सुभाष के पास से पैसे नहीं मिले हैं। वह साज़िश में शामिल था।

अन्य आरोपियों से अलग-अलग रकम बरामद की गई है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से जुड़ी स्पेशल कोर्ट आज नहीं बैठी थी। आज कामकाज का दिन नहीं था। चूंकि आज छुट्टी थी, इसलिए सोमवार तक की रिमांड दी गई है। शामिल लोगों में सरकारी कर्मचारी, सरकार से सैलरी पाने वाले लोग और SBI के पांच-छह कर्मचारी भी शामिल हैं।

### 19 दिन बाद दर्ज हुई एफआईआर

चढ़ावे में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आने के 19 दिन बाद तथा एसआईटी की सिफारिश के दो दिन पश्चात पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। एफआईआर में ट्रस्ट महासचिव चंपत राय के चालक रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के रिश्तेदार अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, गणना कर्मी मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, रमाशंकर मिश्र, गणना प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। सभी पर सुनियोजित तरीके से चढ़ावे की नकदी और कीमती सामान में हेरफेर करने का आरोप है।

# जालंधर में फिरौती के लिए फायरिंग केस: फर्जी नंबर प्लेट बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार, नेटवर्क की जांच तेज

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
26 जून ( वर्मा )



फिरौती के लिए फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाने के मामले में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना नंबर-5 की पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल की फर्जी नंबर प्लेट तैयार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रिशव निवासी गांव कलीजपुर, जिला पठानकोट के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे 25 जून 2026 को काबू किया।

### जांच में हुआ अहम खुलासा

मामले की जानकारी देते हुए एसीपी आतीश भाटिया ने बताया कि थाना नंबर-5 में 20 जून 2026 को दर्ज फायरिंग केस की जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग मिले। पहले से गिरफ्तार आरोपी गुरलाल सिंह की निशानदेही पर बरामद मोटरसाइकिल की जांच की गई, जिसमें सामने आया कि बाइक पर लगी नंबर प्लेट फर्जी तरीके से तैयार करवाई गई थी।

### तकनीकी व खुफिया आधार पर गिरफ्तारी

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए फर्जी नंबर प्लेट तैयार करने वाले आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कई अहम जानकारियां साझा की हैं, जिनके आधार पर पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई है।

### नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश जारी

पुलिस का कहना है कि इस मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### दुकानदारों को सख्त चेतावनी

एसीपी आतीश भाटिया ने नंबर प्लेट बनाने वाले दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी वाहन की नंबर प्लेट बनाने से पहले उसके मूल दस्तावेजों की पूरी जांच करें और निर्धारित नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस का दावा

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई से न केवल मामले की गुत्थी सुलझाने में मदद मिलेगी, बल्कि ऐसे अपराधों पर भी अंकुश लगेगा, जहां अपराधी फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर पहचान छिपाने की कोशिश करते हैं।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# 30 जून से शुरू हो रहे हैं आषाढ़, इस माह में भूलकर भी न करें ये काम

सनातान धर्म में आषाढ़ माह का विशेष धार्मिक महत्व होता है. यही वह माह है, जिसमें भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और चातुर्मास का प्रारंभ होता है. हिंदी पचांग के अनुसार, आषाढ़ साल का चौथा महीना होता है. इस दौरान पूजा, पाठ, व्रत, स्नान, जप, तप आदि से विशेष लाभ मिलता है. मान्यता है कि आषाढ़ माह में भगवान विष्णु की पूजा करने, दान-पुण्य करने और सात्विक जीवन अपनाने से सुख-समृद्धि आती है.

द्रिक पंचांग के अनुसार, साल 2026 में आषाढ़ माह का प्रारंभ 30 जून से हो रहा है. वहीं इस माह का समापन 29 जुलाई 2026 को होगा. इसी दिन आषाढ़ पूर्णिमा भी मनाई जाएगी. आषाढ़ माह के लिए पूजा-पाठ और व्रत आदि के साथ साथ कुछ विशेष नियम भी धर्म शास्त्रों में बताए गए हैं. कुछ ऐसे काम हैं, जिनको इस माह में करना पूरी तरह से वर्जित माना गया है. आइए इन कामों के बारे में विस्तार से जानते हैं.

## आषाढ़ माह में न करें ये काम

आषाढ़ माह में चातुर्मास के प्रारंभ होने के बाद विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं, इसलिए भूलकर भी ये काम न करें. जल का अपमान या उसकी बर्बादी न करें. बासी भोजन का सेवन न करें. तली-भुनी और अत्यधिक मसालेदार चीजें खाने से बचें. मांस, मदिरा और अन्य तामसिक खाद्य पदार्थों का सेवन भी न करें. पत्तागोभी, पालक जैसी पत्तेदार सब्जियां, मसूर की दाल और बैंगन न खाएं. झगड़े-कलह और कटु वचन से बचें.

## इस माह में क्या करें?

आषाढ़ माह में सुबह स्नान के बाद तांबे के लोटे से सूर्य देव को जल अर्पित करें. रोजाना भगवान विष्णु की पूजा करें और उनके मंत्रों का जाप करें. नियमित रूप से विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें. तरबूज, खरबूजा, खीरा जैसे रसीले और मौसमी फलों को आहार में शामिल करें. एकादशी, अमावस्या या पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान करें. जप, तप, ध्यान और धार्मिक साधना में अधिक समय दें. सात्विक भोजन और संयमित दिनचर्या अपनाएं. जरूरतमंद लोगों को छाता, चप्पल, तरबूज, खरबूजा और खीरे जैसे रसीले फलों का दान करें.

## आषाढ़ माह का धार्मिक महत्व

आषाढ़ का महीना भगवान विष्णु की भक्ति के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है. इस महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर देवशयनी एकादशी का व्रत पड़ता है. इसी दिन से चातुर्मास की शुरुआत होती है. इस दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और फिर चार महीने बाद देवउठनी एकादशी पर जागते हैं. चातुर्मास में हिंदू धर्म में कई मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है. ये समय साधना, भक्ति, जप और तप के लिए श्रेष्ठ रहता है.

# तिरुपति बालाजी में 1000 श्रद्धालु रोज कर सकेंगे फ्री में दर्शन, प्रसाद का लड्डू भी मिलेगा निशुल्क

आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्थित तिरुमाला मंदिर को लेकर एक बड़ा ऐलान किया गया है. भगवान विष्णु के अवतार श्री वेंकटेश्वर स्वामी यानी तिरुपति बालाजी के दर्शन के संबंध में तिरुपति तिरुमाला देवस्थानम (टीटीडी) ने कहा है कि रोज 1000 वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को निशुल्क दर्शन की सुविधा दी जाएगी. इसके लिए तीन महीने पहले ऑनलाइन टिकट बुक करने की सलाह दी गई है. इससे भगवान के दर्शन बिना किसी परेशानी के संभव हो सकेंगे.

टीटीडी की ओर से कहा गया है कि टिकट लेने वालों को 50 रुपये का प्रसाद का लड्डू भी दिया जाएगा. यह स्पष्ट किया गया है कि वरिष्ठ नागरिकों को तिरुमाला के नम्बी मंदिर में दोपहर 3 बजे विशेष दर्शन कतार के माध्यम से दर्शन की अनुमति दी जाएगी. वरिष्ठ नागरिकों के दर्शन के संबंध में सोशल मीडिया पर किए जा रहे दुष्प्रचार पर विश्वास न करने की सलाह दी गई है. भक्तों को बिचौलियों की बातों में नहीं आना चाहिए.

हाल ही में, कुछ बिचौलिए श्रीवारी दर्शन और आवास के नाम पर श्रद्धालुओं को ठग रहे हैं. ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं. कुछ श्रद्धालु उनके धोखे में आकर ठगे जा रहे हैं. इसके मद्देनजर, टीटीडी ने ऐसे लोगों से सावधान रहने की सलाह दी है. अगर कोई उनसे दर्शन और आवास टिकट दिलाने का वादा करके संपर्क करता है, तो शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है.

## TTD ने हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने की दी सलाह

टीटीडी ने श्रद्धालुओं से हेल्पलाइन नंबर 155257 पर कॉल करने को कहा है. चेतावनी दी गई है कि बिचौलियों और दलालों की बातों में न आएं और पैसे न वसूलें, पकड़े जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. टीटीडी ने बिचौलियों पर विशेष ध्यान दिया है. टीटीडी ने यह भी कहा है कि बुजुर्गों के दर्शन के संबंध में सोशल मीडिया पर किया जा रहा दुष्प्रचार पूरी तरह से झूठा है और श्रद्धालुओं को इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए.



# कंफ्यूजन खत्म, 30 जुलाई से शुरू होंगे सावन, जानें कब से शुरू करें 16 सोमवार का व्रत

सनातन धर्म में सावन का महीना बहुत पावन माना जाता है. ये माह देवों के देव महादेव को समर्पित किया गया है. सावन हिंदी पंचांग का पांचवां महीना माना जाता है.

इस माह में प्रकृति हरियाली की चादर ओढ़कर रखती है. ये आस्था और भक्ति का सबसे पवित्र समय होता है. सावन में शिव जी की पूजा का विशेष महत्व शास्त्रों में वर्णित है. इस माह में भगवान शिव का विशेष रूप से जलाभिषेक किया जाता है. पौराणिक मान्यता है कि महादेव ने सावन के माह में सागर मंथन से निकला विष पिया था.

विष को पीने के बाद महादेव के शरीर में गर्मी बढ़ने लगी थी. तब इसी माह में देवताओं ने महादेव के शरीर को ठंडक प्रदान करने के लिए जल चढ़ाया था, तभी से महादेव को ही सावन में जल चढ़ाने की परंपरा की परंपरा शुरू हो गई.

द्रिक पंचांग के अनुसार, इस साल सावन का माह 30 जुलाई को प्रारंभ होगा और 28 अगस्त को सावन पूर्णिमा




के साथ ही इस माह का समापन होगा. सावन माह में सोमवार के व्रत का विशेष महत्व है. आइए जानते हैं कि 16 सोमवार का व्रत कब से शुरू करें?

**सावन में लें 16 सोमवार के व्रत का संकल्प :** 16 सोमवार के व्रत का संकल्प लेने का सबसे शुभ समय सावन माह ही माना जाता है. अगर आप 16 सोमवार के व्रत का संकल्प लेना चाहते हैं, तो 30 जुलाई को इस साल सावन के पहले सोमवार पर लें. इस दिन से आप 16 सोमवार के व्रत रख सकते हैं.

**ये व्रत क्यों माना जाता है विशेष?**

16 सोमवार व्रत सावन में शुरू करने से सांसारिक सुख प्राप्त होते हैं. साथ ही आत्मिक शुद्धि होती है. पूर्व जन्मों के पापों का नाश होता है और मानसिक-अध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है. मान्यता है कि 16 सोमवार के व्रत रखने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. इस व्रत के प्रभाव से मनचाहा जीवनसाथी मिलता है. वैवाहिक जीवन में प्रेम बना रहता है.

## सावन 2026 में कब-कब सोमवार?

- **पहला सावन सोमवार : 3 अगस्त 2026**
- **दूसरा सावन सोमवार : 10 अगस्त 2026**
- **तीसरा सावन सोमवार : 17 अगस्त 2026**
- **चौथा सावन सोमवार : 24 अगस्त 2026**

# आयरलैंड ने भारत को हराकर पलट दिया टी20 क्रिकेट का इतिहास, टीम इंडिया को मिली शर्मनाक हार

लॉर्कन टकर की कप्तानी पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड ने भारत को मात दी है। इसी के साथ उन्होंने टी20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार टीम इंडिया को हराया है। इससे पहले ये टीम कभी भी भारत को नहीं हरा सकी थी। टीम इंडिया की बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा के अलावा अन्य कोई कमाल नहीं कर सका और इसी वजह से हार का सामना करना पड़ा।

आयरलैंड के पहले बल्लेबाजी करते हुए टकर ने अर्धशतक लगाया था और अपनी टीम को 182 के स्कोर तक पहुंचाया था। इसके जवाब में टीम इंडिया की शुरुआत बेहद खराब रही और पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए थे। इसका खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा और आयरिश टीम ने मेहमानों को 34 रनों से हराया। इसी के साथ आयरलैंड ने सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है।




**भारतीय गेंदबाजों की शानदार शुरुआत** – टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी आयरलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। आयरिश टीम ने 20 रनों पर पहला विकेट गंवाया। इसके बाद उनके 30 रन 3 विकेट गिर चुके थे। पावरप्ले में आयरलैंड ने बहुत ही धीमी बल्लेबाजी की और मात्र 36 रन बनाए। उन्होंने 51 रन पर चौथा विकेट गंवा दिया था। हर्षित राणा ने लंबे समय बाद टी20 टीम में वापसी की और पावरप्ले में 2 विकेट चटकाए।

**लॉर्कन टकर और गेराथ डिलानी की शानदार बल्लेबाजी** – भारतीय गेंदबाज शुरुआत से हावी रहे लेकिन मध्य ओवरों में आयरिश बल्लेबाजों ने वापसी की। आयरलैंड के परमानेंट कप्तान बने टकर ने कमाल की बल्लेबाजी की और अर्धशतक लगाया। उन्होंने 36 गेंदों पर 50 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 5 चौके और 2 छक्के निकले। उनके अलावा गेराथ डिलानी ने भी कमाल की बैटिंग की लेकिन अर्धशतक लगाने से चूक गए और 49 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और उतने ही छक्के जड़े।

## जितेश नहीं, रजत पाटीदार के बाद RCB का अगला कप्तान होगा यह खिलाड़ी?

आईपीएल 2026 में लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने भविष्य की कप्तानी को लेकर बड़ा संकेत दिया है। टीम के क्रिकेट निदेशक मो बॉबट का मानना है कि 25 वर्षीय बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल आने वाले वर्षों में फ्रेंचाइजी की कप्तानी संभाल सकते हैं। हालांकि मौजूदा कप्तान रजत पाटीदार की अगुआई में टीम ने लगातार दो खिताब जीते हैं, लेकिन फ्रेंचाइजी अब भविष्य के नेतृत्व विकल्पों पर भी नजर बनाए हुए है। इसी कड़ी में पडिक्कल का नाम सबसे आगे आता दिखाई दे रहा है।




### आईपीएल 2026 में शानदार रहा पडिक्कल का प्रदर्शन

देवदत्त पडिक्कल ने आईपीएल 2026 में नंबर-तीन पर बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 15 पारियों में 464 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 168.72 रहा। फिल सॉल्ट और विराट कोहली की तेज शुरुआत के बाद पडिक्कल ने मध्यक्रम में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को कई अहम जीत दिलाने में भूमिका निभाई। लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने टीम प्रबंधन का भरोसा भी जीता।

### मो बॉबट ने कप्तानी को लेकर दिया बड़ा बयान

आरसीबी की डॉक्यूमेंट्री आरसीबी ट्रॉफी क्रेस्ट में मो बॉबट ने पडिक्कल की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा, हम चाहते थे कि वह अपनी बल्लेबाजी में और ज्यादा आक्रामकता दिखाएं और मैच पर प्रभाव डालें।

फिल सॉल्ट और विराट कोहली टीम को तेज शुरुआत देते थे और हमारी इच्छा थी कि देवदत्त उस लय को आगे बढ़ाएं। उन्होंने इस जिम्मेदारी को पूरी तरह अपनाया और हमेशा टीम के हित को प्राथमिकता दी। इसके लिए वह पूरे श्रेय के हकदार हैं। कप्तानी को लेकर बॉबट ने कहा, मैं उनके व्यक्तित्व से भी बेहद प्रभावित हूं। उनमें नेतृत्व करने के सभी गुण हैं। मुझे लगता है कि वह भविष्य में आरसीबी के कप्तान बन सकते हैं।

### दिनेश कार्तिक ने भी की जमकर तारीफ

आरसीबी के मेंटर और बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने भी पडिक्कल को टीम का खास खिलाड़ी बताया। उन्होंने कहा, वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। इस टीम में स्थानीय खिलाड़ी होने का गौरव सिर्फ उन्हीं को हासिल है। वह बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करते हैं और इस शहर की पहचान को अपने व्यक्तित्व में समेटे हुए हैं। इतनी कम उम्र में भी वह मैच की परिस्थितियों को बेहतरीन तरीके से समझते और परखते हैं।

### भविष्य के लिए मजबूत विकल्प

महज 25 साल की उम्र में देवदत्त पडिक्कल आरसीबी के साथ पांच आईपीएल सीजन खेल चुके हैं। टीम और घरेलू परिस्थितियों की उनकी समझ उन्हें भविष्य के कप्तान के रूप में मजबूत दावेदार बनाती है। फिलहाल रजत पाटीदार टीम की कमान संभाल रहे हैं, लेकिन फ्रेंचाइजी के वरिष्ठ अधिकारियों के हालिया बयान साफ संकेत देते हैं कि पडिक्कल को लंबे समय के नेतृत्व विकल्प के तौर पर तैयार किया जा रहा है। अगर उनका प्रदर्शन इसी तरह जारी रहा, तो आने वाले वर्षों में वह आरसीबी की कप्तानी करते नजर आ सकते हैं।

# महिला टी20 विश्वकप : ब्रिट्स का शतक, दक्षिण अफ्रीका ने नीदरलैंड्स को 88 रन से हराया; भारत की क्यों बढ़ी टेंशन ?

महिला टी20 विश्व कप 2026 के 24वें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नीदरलैंड्स के खिलाफ धमाकेदार जीत दर्ज की। काउंटी ग्राउंड पर खेले गए मैच में प्रोटियाज टीम से मिले 209 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड्स की टीम 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 120 रन ही बना सकी।

**भारत की क्यों बढ़ी परेशानी?**

दक्षिण अफ्रीका ने 88 रनों की बड़ी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी दावेदारी को मजबूत कर लिया है। भारत और दक्षिण अफ्रीका, दोनों के छह-छह अंक हैं। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ने अपने नेट रन रेट में भी काफी सुधार किया है। भारत की टेंशन इसलिए बढ़ी है क्योंकि उसका अगला मुकाबला यानी ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम से है, जबकि दक्षिण अफ्रीका को बांग्लादेश से भिड़ना है। भारत को हर हाल में ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा। साथ ही यह मनाना होगा कि या तो दक्षिण अफ्रीका बांग्लादेश से हार जाए या फिर नेट रन रेट भारत से बेहतर नहीं कर पाए।




**नीदरलैंड्स की पारी**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की टीम को फेबे मोलकेनबोअर और सान्या खुराना ने सधी हुई शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। सान्या ने 30 गेंदों का सामना करते हुए छह चौकों की मदद से 36 रन बनाए। वहीं, फेबे ने 41 रनों का योगदान दिया। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरीं स्टेरे कालिस ने 26 रन बनाए, जबकि बैबेट डी लीडे 11 रन बनाकर पवेलियन लौटीं।

इसके बाद नीदरलैंड्स ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम मुश्किल से 100 रनों का आंकड़ा पार कर सकी। नीदरलैंड्स की छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक पार करने में नाकाम रहीं। गेंदबाजी में साउथ अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वहीं, क्लोई ट्रायोन ने चार ओवर के स्पेल में 16 रन देकर दो विकेट निकाले।

**दक्षिण अफ्रीका की पारी**

इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में एक विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 208 रन लगाए। टीम को कप्तान एल वोल्वार्ट और ताजमिन ब्रिट्स ने शानदार शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 13.3 ओवर में 121 रन जोड़े। वोल्वार्ट ने 36 गेंदों में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाए।

वहीं, ब्रिट्स ने लाजवाब बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। ब्रिट्स ने 69 गेंदों में 114 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 15 चौके और तीन छक्के लगाए। वहीं, अंत के ओवरों में एनेरी डेर्कसेन ने महज 16 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 37 रन बनाए। गेंदबाजी में नीदरलैंड्स की तरफ से एकमात्र विकेट हन्ना लैंडहीर ने चटकाया।

# दही में चीनी मिलाकर खाना सही है या नमक?

गर्मियों के मौसम में दही को सबसे हेल्दी फूड्स में से एक माना जाता है। यह शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ पाचन को बेहतर बनाने और आंतों को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है। इसलिए डॉक्टर और डाइट एक्सपर्ट भी गर्मियों में रोजाना दही खाने की सलाह देते हैं।

हालांकि, दही खाते समय लोगों के मन में एक सवाल अक्सर आता है कि इसे चीनी के साथ खाना ज्यादा फायदेमंद है या नमक के साथ। कुछ लोग मीठा दही पसंद करते हैं, जबकि कई लोग नमक और भुना जीरा मिलाकर खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या दोनों का शरीर पर एक जैसा असर होता है? क्या चीनी मिलाने से दही के फायदे कम हो जाते हैं?

अगर आप भी इस सवाल का जवाब जानना चाहते हैं, तो यहां जानिए गर्मियों में दही को किस तरह खाना आपकी सेहत के लिए ज्यादा लाभदायक हो सकता है।

### नमक के साथ दही खाने के फायदे

अगर आप दही में सीमित मात्रा में सेंधा नमक या बहुत कम साधारण नमक मिलाकर खाते हैं, तो यह पाचन को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

इसमें भुना जीरा और काला नमक मिलाने से गैस और अपच जैसी समस्याओं में भी राहत मिल सकती है।

हालांकि हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को ज्यादा नमक से बचना चाहिए।




### चीनी के साथ दही खाने के फायदे

- दही में चीनी मिलाने से उसका स्वाद बढ़ जाता है और तुरंत ऊर्जा भी मिलती है।
- अधिक चीनी मिलाने से अतिरिक्त कैलोरी बढ़ जाती है, जिससे वजन बढ़ने और ब्लड शुगर पर असर पड़ सकता है।
- अगर कभी मीठा दही खाना हो, तो चीनी की मात्रा सीमित रखें।

### सबसे हेल्दी तरीका कौन-सा है?

विशेषज्ञों के अनुसार, सादा दही सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। अगर स्वाद बढ़ाना हो तो इसमें भुना जीरा, पुदीना या थोड़ी मात्रा में भुना जीरा पाउडर मिलाया जा सकता है। इससे दही का पोषण भी बना रहता है और अतिरिक्त चीनी या नमक की जरूरत नहीं पड़ती।

### वजन घटाने वालों के लिए क्या बेहतर है?

अगर आपका लक्ष्य वजन कम करना है, तो बिना चीनी वाला दही सबसे अच्छा विकल्प है। इसमें प्रोटीन अधिक और अतिरिक्त कैलोरी कम होती है, जिससे लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है।

### डायबिटीज के मरीज क्या करें?

डायबिटीज से पीड़ित लोगों को दही में चीनी मिलाकर खाने से बचना चाहिए। वे सादा दही या कम नमक के साथ दही का सेवन कर सकते हैं। व्यक्तिगत डाइट के लिए डॉक्टर या डाइटिशियन की सलाह लेना बेहतर रहता है।



# बारिश में लेदर सोफा-शूज को नमी, फंगस से बचाना है? 5 घरेलू टिप्स आएंगे काम

मानसून का मौसम जहां सुकून और ठंडक लेकर आता है, वहीं यह नमी और फंगस जैसी समस्याएं भी साथ लाता है। खासकर घर के लेदर फर्नीचर और जूतों को इस मौसम में खास देखभाल की जरूरत होती है। अगर थोड़ी-सी लापरवाही हो जाए, तो चमड़े का सामान जल्दी खराब हो सकता है, उसमें बदबू आने लगती है या फफूंदी लग सकती है। लेदर सोफा और शूज महंगे भी होते हैं और इन्हें दोबारा खरीदना आसान नहीं होता। ऐसे में जरूरी है कि आप पहले से सावधानी बरतें। इस लेख में हम आपको बताएंगे बारिश में लेदर आइटम्स की केयर के 5 आसान और असरदार टिप्स, जो इन्हें लंबे समय तक सुरक्षित और चमकदार बनाए रखेंगे।





### 1. सुखाने के लिए सीधा धूप में न रखें

बारिश में गीले हुए लेदर शूज या सोफा को सीधा तेज धूप में सुखाने से चमड़ा सख्त और क्रैक होने लगता है। इसके बजाय छांव या हवा वाली जगह में सूखने दें।

पंखे के नीचे रखने से बेहतर ड्राइंग होती है और चमड़े की क्वालिटी भी बनी रहती है।

### 2. वॉटरप्रूफिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें

लेदर शूज या बैग्स पर वॉटरप्रूफिंग स्प्रे छिड़कना एक अच्छा उपाय है। इससे पानी सीधा चमड़े में नहीं समाता और नुकसान नहीं करता। बाजार में कई अच्छे लेदर प्रोटेक्शन स्प्रे मिलते हैं, जिन्हें मौसम शुरू होने से पहले एक कोट जरूर देना चाहिए।

### 3. फंगस से बचाव के लिए नियमित सफाई

नमी में लेदर आइटम्स पर जल्दी फंगस जमने लगती है। इससे बचने के लिए सप्ताह में कम से कम एक बार सूखे और साफ कपड़े से वाइप करें। चाहें तो विनेगर और पानी को मिलाकर हल्के हाथ से सफाई कर सकते हैं। इससे फंगस भी हटती है और बदबू भी नहीं आती।

### 4. अखबार या सिलिका जेल का करें इस्तेमाल

लेदर जूतों के अंदर नमी जमा न हो, इसके लिए अखबार भरना एक बढ़िया तरीका है।

सोफा के आसपास सिलिका जेल के पैकेट रखने से भी वातावरण की नमी को कंट्रोल किया जा सकता है। ये दोनों चीजें नमी सोखती हैं और फंगस बनने से रोकती हैं।

### 5. लेदर कंडीशनर से करें पोषण

बरसात में चमड़े को पोषण की जरूरत होती है ताकि वह मुलायम बना रहे। इसके लिए लेदर कंडीशनर का इस्तेमाल करें, जो इसकी चमक को बरकरार रखेगा और उसे फटने से भी बचाएगा।

महीने में एक बार इसका प्रयोग पर्याप्त होता है।